# भोपाल डिक्लेरेशन पर बनी 14 देशों की आपसी सहमति




**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 8 अगस्त. राजधानी में चल रही ब्रिक्स सांस्कृतिक मंत्रियों की बैठक का शनिवार को समापन हुआ. भारत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के समापन के अवसर पर सर्वसम्मति से भोपाल डिक्लेरेशन (भोपाल घोषणा पत्र) को अपनाया गया.**

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जानकारी दी. केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह ने बताया कि सामान्य तौर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के घोषणापत्र केवल सैद्धांतिक होते हैं, लेकिन पहली बार ब्रिक्स के इतिहास में एक ऐसा आउटकम बेस्ड डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है. जिसमें स्पष्ट लक्ष्य, उन्हें हासिल करने की समय-सीमा और कार्ययोजना तय की गई है.

सम्मेलन में 10 ब्रिक्स सदस्य देशों और 4 साझेदार देशों सहित कुल 14 देशों के 55 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की. सदस्य देशों में भारत, ब्राजील, चीन, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र शामिल रहे. जबकि साझेदार देशों के रूप में बेलारूस, क्यूबा, कजाकिस्तान और थाईलैंड के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया.

1 14 देशों के 55 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ब्रिक्स सांस्कृतिक बैठक संपन्न

2 विदेशों में भारत की प्राचीन धरोहरों को वापस लाने का आंकड़ा 700 पार

3 पहली बार सैद्धांतिक के बजाय आउटकम बेस्ड डॉक्यूमेंट हुआ तैयार

### भारत का विशेष प्रस्ताव स्वैच्छिक कलाकार रजिस्ट्री मंजूर

सम्मेलन में भारत की ओर से रखे गए स्वैच्छिक कलाकार रजिस्ट्री के प्रस्ताव को सभी सहभागी देशों ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया. इसके तहत ब्रिक्स देशों के कलाकारों, सांस्कृतिक पेशेवरों और विशेषज्ञों की एक साझा रजिस्ट्री तैयार की जाएगी. इससे विभिन्न देशों के कलाकारों को एक-दूसरे के देश में जाकर अपनी कला प्रदर्शित करने, नेटवर्क बनाने और बेहतर अवसर प्राप्त करने में सुगमता होगी. बैठक में अवैध या गलत रास्तों से दूसरे देशों में भेजी गई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों की वापसी पर भी सहमति बनी है. वहीं साझा ऐतिहासिक स्मारकों और धरोहरों को यूनेस्को में सामूहिक रूप से नामांकित कराने के साथ म्यूजियम, लाइब्रेरी और आर्काइव्स में रखी दस्तावेजी धरोहरों के संरक्षण के लिए मजबूत संस्थागत तंत्र विकसित करने पर प्रतिबद्धता जताई गई है.

> **वसुधैव कुटुंबकम् का प्रतीक बना आयोजन**
>
> राजा भोज की नगरी में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों का यह समागम प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है. भारत की सनातन परंपरा, वसुधैव कुटुंबकम् और सर्वे भवंतु सुखिन: का संदेश इस सम्मेलन के माध्यम से पूरे विश्व में पहुंचा है.
>
> ■ **डॉ.मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मप्र

# क्लर्क के घर से 543 प्रतिशत अधिक संपत्ति जब्त

### जबलपुर-सिवनी में करोड़ों के फार्म हाउस और प्लॉट मिले




**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर, 8 अगस्त. लोकायुक्त जबलपुर ने आज सुबह सिवनी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 (क्लर्क) सुभाष शर्मा के जबलपुर स्थित ठिकानों पर तड़के 5:30 बजे एक साथ धावा बोला. क्लर्क की सैलरी के मुकाबले उसके पास मिली अकूत दौलत को देखकर खुद लोकायुक्त के अधिकारी भी दंग रह गए.**

शुरुआती जांच में ही वैध आय से 543.19 प्रतिशत अधिक अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ है. लोकायुक्त की यह छापामार कार्रवाई अभी भी जारी है. टीम घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और बैंक खातों व लॉकरों को खंगाल रही है, जिससे इस काली कमाई का आंकड़ा और ऊपर जाने की पूरी उम्मीद है.

लोकायुक्त एसपी अंजू लता पटले ने बताया कि आज सुबह लोकायुक्त की दो विशेष टीमों ने सुभाष शर्मा पिता रवि शर्मा के अंबेडकर कॉलोनी, राजीव गांधी वार्ड जबलपुर स्थित निवास और उनके फार्म हाउस पर एक साथ छापेमारी की. सुभाष शर्मा वर्तमान में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केन्द्र, सिवनी में पदस्थ हैं. जबलपुर के गोहलपुर अधारताल में 47,48,996 की अनुमानित कीमत के कई प्लॉट खरीदे गए. पाटन तहसील के ही मुड़गवां में 25,91,658 की जमीन का पता चला है. जबलपुर की अंबेडकर कॉलोनी में 2800 वर्गफुट के प्लॉट पर 4800 वर्गफुट का दो मंजिला आलीशान पक्का मकान मिला है.

> भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत हुई इस कार्रवाई में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने काली कमाई का बड़ा हिस्सा अपनी पत्नी शीला शर्मा के नाम पर निवेश किया था. जांच में अब तक सामने आई संपत्तियों में तहसील पाटन के करमेता में पत्नी के नाम पर 4581 वर्गफुट की बेशकीमती भूमि मिली है, जिसकी सरकारी कीमत करीब 2,88,45,288 है. पाटन जबलपुर के लोहारी में 1,11,02,156 की कृषि भूमि के दस्तावेज मिले हैं.

# क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई गति : शुक्ल

- उप मुख्यमंत्री शुक्ल प्राधिकरण के शुभारंभ अवसर पर बोले
- विंध्य विकास प्राधिकरण के नए कार्यालय का शुभारंभ



**भोपाल, 8 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल विंध्य विकास प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए. रीवा के डी-10 सिविल लाइन स्थित नए कार्यालय में शुभारंभ अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. उप मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यालय का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य विकास प्राधिकरण पूरे क्षेत्र के विकास की कार्ययोजना तैयार करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. प्राधिकरण के माध्यम से विंध्य क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को और गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ गरीब और वंचित वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्राधिकरण सक्रियता से कार्य करेगा. क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे. विधायक नरेंद्र प्रजापति, विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता मौजूद रहे.

## डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर 1 करोड़ की ठगी

**इंदौर.** गुजरात के एक व्यापारी को डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का झांसा देकर 1 करोड़ की धोखाधड़ी करने के मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है. मेसर्स आईएचएल मेडिकेयर और इन्फुटेक हेल्थकेयर के डायरेक्टरों ने रकम ऐंठने के बाद न तो माल दिया और न ही मूल राशि लौटाई. पुलिस ने मुख्य डायरेक्टर और उनके सहयोगी के खिलाफ अमानत में खयानत व धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है. क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, झालोद दाहोद, गुजरात निवासी कमलेश अग्रवाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कंपनी के डायरेक्टरों ने गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप देने का झांसा देकर उनसे कुल 1 करोड़ जमा कराए थे.

## एक नजर में

### नगर विकास के महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर आयुक्त ने जताई सहमति

**बुरहानपुर.** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के आयुक्त संकेत भोंडवे के नगर पालिका निगम बुरहानपुर आगमन पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। महापौर ने नगर के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषय आयुक्त श्री भोंडवे के समक्ष रखे। महापौरश्रीमती पटेल ने नगर निगम की भूमि पर गीता भवन निर्माण के संबंध में पत्र प्रेषित करते हुए योजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने का आग्रह किया.

### फोन हैक कर खाते उड़ाए 1 लाख

**इंदौर.** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई. अज्ञात साइबर ठग ने पीड़िता के मोबाइल में धोखाधड़ी से एक फर्जी एप्लिकेशन इंस्टॉल करवाकर उनका फोन हैक कर लिया और बैंक ऑफ इंडिया के खाते से यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 1 लाख रुपये पार कर दिए. आलोक नगर स्थित फ्लैट में रहने वाली प्रज्ञा पवार ने शिकायत दर्ज कराई है. पीड़िता ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने झांसा देकर उनके मोबाइल में मेल वेबो नाम का एक संदिग्ध एप्लिकेशन इंस्टॉल करवा दिया. एप्लिकेशन इंस्टॉल होते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया. इसके बाद जालसाज ने उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन कर कुल 99 हजार 996 रुपये की राशि निकाल ली.खाते से अचानक पैसे कटने का मैसेज मिलते ही पीड़िता के होश उड़ गए.

# चारपाई में गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने पर मजबूर

### नदी पर नही बना है पुल, मामला मऊगंज जिले का



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 8 अगस्त, मऊगंज जिले की जनपद पंचायत हनुमना अंतर्गत ग्राम पंचायत खोढ़मानी का झखना टोला आज भी बदहाली की ऐसी जिंदगी जी रहा है, जिसे देखकर किसी का भी दिल दहल जाए. सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने विकास के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है.**

वायरल वीडियो में एक गर्भवती महिला को चारपाई पर लिटाकर नदी पार कर अस्पताल ले जाया जा रहा है. वही दूसरी ओर मासूम स्कूली बच्चे तेज बहाव वाली नदी को पार कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए स्कूल पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. सवाल यह है कि अगर इस दौरान कोई हादसा हो जाता, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? करीब 300 से अधिक आबादी वाले झखना टोला में आज तक न पक्की सडक़ बनी, न पुल और न ही बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह पहुंच सकीं. बरसात शुरू होते ही पूरा गांव टापू बन जाता है. मरीजों को चारपाई पर ढोना पड़ता है, गर्भवती महिलाओं की जान भगवान भरोसे रहती है और बच्चों की पढ़ाई हर साल बारिश की भेंट चढ़ जाती है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और प्रशासन क्या कर रहा है. क्या प्रशासन किसी बड़ी त्रासदी का इंतजार कर रहा है क्या किसी गर्भवती महिला या मासूम की जान जाने के बाद ही फाइलें खुलेंगी और पुल का निर्माण होगा. झखना टोला के ग्रामीण अब केवल वादे नहीं, बल्कि समाधान चाहते हैं. उनका कहना है कि यदि सडक़ निर्माण में समय लग रहा है तो कम से कम आस्थायी पुल का निर्माण तत्काल कराया जाए, ताकि हर बरसात में उन्हें मौत से जंग न लडऩी पड़े.

मऊगंज जिले के झखना टोला की यह तस्वीर सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि उन विकास के दावों पर बड़ा सवाल है जो कागजों में चमकते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में बहते पानी के साथ बह जाते हैं.

# प्रदेश से 30 संदिग्ध बांग्लादेशी वापस भेजे

### डीजीपी के निर्देश-दस्तावेजों का गहराई से सत्यापन करे पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 8 अगस्त. ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मध्य प्रदेश में संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान और दस्तावेजों के सत्यापन का अभियान जारी है. अभियान के तहत अब तक 30 लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा जा चुका है.**

जांच में इनके पास भारतीय नागरिक होने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला था. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अभियान के दौरान 3,278 लोगों को चिह्नित किया गया था. दस्तावेजों के सत्यापन के बाद मार्च 2026 तक 19 लोगों को बांग्लादेश भेजा गया था. अब यह संख्या बढ़कर 30 हो गई है.

इसी अभियान के दौरान सीहोर जिले में 27 वर्षों से अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को जिला सत्र न्यायालय ने सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. वहीं ग्वालियर में क्राइम ब्रांच ने 13 संदिग्ध बांग्लादेशियों को पकड़ा था, जिनके दस्तावेजों का सत्यापन और पूछताछ की जा रही है.

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्धों की पहचान के दौरान उनकी भाषा, कामकाज और अन्य परिस्थितियों को भी आधार बनाया जा रहा है. अप्रैल में दस्तावेजों की जांच के लिए पुलिस की 20 सदस्यीय टीम पश्चिम बंगाल भी गई थी, जहां जांच के बाद 19 लोगों के दस्तावेज वैध नहीं पाए गए थे.



> डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध बांग्लादेशी मिलने पर केवल प्रारंभिक जांच तक सीमित न रहें, बल्कि उनके दस्तावेजों का गहराई से सत्यापन किया जाए. जिस राज्य से पहचान संबंधी दस्तावेज जारी हुए हैं, वहां के गृह विभाग की मदद से उनकी वास्तविकता की जांच करने को कहा गया है. पुलिस ने संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों के सत्यापन के लिए विशेष पोर्टल भी तैयार किया है. इसमें संदिग्ध व्यक्ति की पहचान, दस्तावेज और आपराधिक रिकॉर्ड सहित अन्य जानकारी दर्ज की जा रही है, जिससे सत्यापन प्रक्रिया में मदद मिल रही है.

# 21 करोड़ की ठगी में भाजपा नेता से पूछताछ

**20** हजार खाते से बांटी रकम

**15** लेयर में छिपाया पैसों का ट्रेल



**नवभारत न्यूज़**

**ग्वालियर, 8 अगस्त. साइबर ठगी के 21 करोड़ रुपए के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं. जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपी भाजपा नेता कथित रूप से 2 प्रतिशत कमीशन के बदले बैंक खाते किराए पर उपलब्ध कराता था.**

इन खातों के जरिए ठगी की रकम को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर आगे भेजा गया.

जांच में सामने आया है कि ठगी की कुल 21.05 करोड़ रुपए की राशि को छिपाने के लिए जालसाजों ने कई स्तरों पर ट्रांसफर किया. शुरुआत में यह रकम 76 बैंक खातों में भेजी गई. इसके बाद पहली लेयर में आरोपी से जुड़े खाते में करीब 77 लाख रुपए पहुंचे, जिन्हें आगे 15 अलग-अलग चरणों के माध्यम से 20 हजार से अधिक बैंक खातों में बांट दिया गया.

पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में खातों का इस्तेमाल मनी ट्रेल छिपाने के उद्देश्य से किया गया, ताकि जांच एजेंसियां रकम के अंतिम स्त्रोत और लाभार्थियों तक आसानी से न पहुंच सकें. जांच में यह भी सामने आया है कि ठगी की करीब 35 प्रतिशत राशि दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूद बैंक खातों में ट्रांसफर की गई. मामले की कड़ियां जोड़ने के लिए साइबर सेल की विशेष टीम सागर सहित अन्य स्थानों पर जांच कर रही है.

# दिल्ली से मुंबई जा रही ट्रेन में नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार

**1.60** करोड़ की ड्रग्स की बरामद

- ट्रॉली बैग में छिपाया था सफेद क्रिस्टल जैसा पदार्थ
- एम्फेटामाइन की पुष्टि, नेटवर्क की तलाश में पूछताछ जारी

**रतलाम, 8 अगस्त. रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से मुंबई जा रही ट्रेन उस समय डीआरआई की कार्रवाई का केंद्र बन गई, जब राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने एक नाइजीरियाई महिला यात्री को रोककर उसके ट्रॉली बैग की तलाशी ली.**

पहली नजर में सामान्य दिख रहे इस बैग के भीतर नशे की ऐसी खेप छिपी थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.60 करोड़ रुपये आंकी गई है। टीम ने महिला के कब्जे से 2 किलोग्राम एम्फेटामाइन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

डीआरआई को पहले से सूचना मिली थी कि एक नाइजीरियाई महिला नई दिल्ली से मुंबई जाने वाली ट्रेन में नशीले पदार्थ की बड़ी खेप लेकर सफर कर रही है। सूचना के आधार पर टीम ने रतलाम रेलवे स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई और ट्रेन के पहुंचते ही संदिग्ध महिला यात्री की पहचान कर उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान महिला के ट्रॉली बैग ने पूरे मामले की परत खोल दी। बैग में एक गुप्त कैविटी बनाई गई थी। इसी छिपी हुई जगह के भीतर भूरे रंग के प्लास्टिक पैकेट में सफेद क्रिस्टल जैसा पदार्थ रखा गया था। फील्ड टेस्टिंग किट से जांच करने पर पदार्थ एम्फेटामाइन पाया गया। इसके बाद डीआरआई ने करीब 2 किलोग्राम एम्फेटामाइन जब्त कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने फिलहाल गिरफ्तार महिला की पहचान सार्वजनिक नहीं की है। उसके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम, 1985 के तहत कार्रवाई की गई है.

डीआरआई अब पूछताछ और जांच के जरिए तस्करी के पूरे नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

> **रतलाम बना जांच का अहम पड़ाव**
>
> इस कार्रवाई का सबसे अहम पहलू यह है कि नशीले पदार्थ की खेप दिल्ली से मुंबई ले जाई जा रही थी और रतलाम में डीआरआई की टीम ने इसे पकड़ लिया। अब जांच सिर्फ बरामद ड्रग्स और गिरफ्तार महिला तक सीमित नहीं है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि महिला को यह खेप किसने दी थी, मुंबई में इसे किस तक पहुंचाया जाना था और इस पूरे नेटवर्क में उसके साथ और कौन लोग जुड़े हैं।

**उपलब्धि** | सीएम राजा भोज एयरपोर्ट से करेंगे शुभारंभ

# आज से चार नई सीधी हवाई सेवा होगी आरंभ

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 9 अगस्त को राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की चार नई सीधी हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे. इनमें भोपाल-रीवा, भोपाल-पटना, रीवा-कोलकाता और जबलपुर-कोलकाता हवाई मार्ग शामिल हैं.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल से रीवा की पहली उड़ान को फ्लैग ऑफ करेंगे. इन नई सेवाओं के शुरू होने से प्रदेश की आंतरिक एवं अंतर्राज्यीय हवाई कनेक्टिविटी को और मजबूती मिलेगी. इन सेवाओं का संचालन अलायन्स एयर द्वारा किया जाएगा. इन सभी घरेलू हवाई मार्गों को मप्र नागरिक विमानन नीति के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है. प्रत्येक राउंड ट्रिप पर राज्य शासन द्वारा 10 लाख रुपये तक की वायबिलिटी गैप फंडिंग दी जाएगी. राज्य सरकार द्वारा हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार को निरंतर प्राथमिकता दी जा रही है. मप्र नागरिक विमानन नीति-2025 के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न शहरों को देश के प्रमुख गंतव्यों से जोड़ने और नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है. नीति के तहत अब तक 8 नए हवाई मार्ग स्वीकृत किए जा चुके हैं. इनमें से चार मार्गों पर हवाई सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं, जबकि चार नए मार्गों पर सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं. नीति के तहत पहले प्रारंभ किए गए मार्गों में रीवा-दिल्ली, रीवा-इंदौर, रीवा-रायपुर और इंदौर-अबूधाबी शामिल हैं.

### सीएम और प्रदेशाध्यक्ष करेंगे शुरू तिरंगा यात्रा


**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल तथा भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह 9 अगस्त, रविवार को प्रात: 8 बजे भोपाल जिला द्वारा टीटी नगर स्टेडियम से आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करेंगे. तिरंगा यात्रा का न्यू मार्केट, रोशनपुरा सहित विभिन्न मार्गों पर भव्य स्वागत किया जाएगा. इसके पश्चात तिरंगा यात्रा पुन: टीटी नगर स्टेडियम पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा. तिरंगा यात्रा में पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के सभी वर्गों के लोग तथा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल होंगे.

> **प्रदेश के भीतर और अन्य राज्यों से बढ़ेगा हवाई संपर्क**
>
> भोपाल-रीवा सीधी हवाई सेवा प्रदेश के भीतर हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी. इससे राजधानी भोपाल और विंध्य क्षेत्र के बीच सीधा हवाई संपर्क और सुदृढ़ होगा. इसी प्रकार भोपाल-पटना सीधी उड़ान से मप्र की राजधानी सीधे बिहार की राजधानी से जुड़ेगी. इससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन सुगम होगा और मप्र में निवासरत बिहार की बड़ी आबादी के साथ यात्रियों, व्यापारियों एवं कारोबारियों को सुविधा मिलेगी.

### 2029 तक संगठित अपराध पर पूरी तरह अंकुश का लक्ष्य : सीएम

**इंदौर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर पहुंचे. एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने प्रदेश में संगठित अपराध और नशे के कारोबार के खिलाफ सरकार की रणनीति को लेकर बड़ा बयान दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 तक संगठित अपराध पर पूरी तरह प्रभावी अंकुश लगाना है. डॉ. यादव ने हाल ही में इंदौर में सात राज्यों के डीजीपी की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि अंतरराज्यीय अपराध पर प्रभावी कार्रवाई के लिए राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है. ऐसे में सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त कार्रवाई के जरिए इनके नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी.

# जनसेवा को प्राथमिकता दें : महेंद्र



**देवसर, 8 अगस्त. ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित जनविश्वास अभियान ने संगठनात्मक सक्रियता के साथ जनसरोकार का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने सहभागिता की।**

मुख्य अतिथि एपेक्स बैंक भोपाल के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहना होगा। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक, बबुआराम यादव, सरपंच अर्जुन यादव, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला मंत्री, रंगलाल प्रजापति रामाश्रय विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।